# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 31.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में देवघर पहुंचीं, जहां एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति सीधे एम्स देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं। समारोह में 2019 बैच के 48 एमबीबीएस छात्र–छात्राओं को उपाधि और चार को मेडल राष्ट्रपति के हाथों प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति समारोह में एक घंटे तक संबोधन देंगी और कुल तीन घंटे एम्स परिसर में रुकेंगी। विस्तृत ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

**********************

कल से 7 अगस्त तक आयोजित होने वाले झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के सफल संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत विधायक दल के नेता एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बात करते हुए उम्मीद जताई कि इस मानसून सत्र में काफी सार्थक चर्चाएं होंगी।

**********************

बोकारो सदर अस्पताल में बेटियों को जन्म देने वाली चार माताओं को जिला प्रशासन की ओर से मिठाई और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा अपनी धर्मपत्नी के साथ अस्पताल पहुंचे और नवजात बेटियों को गोद में लेकर बधाई दी। इस मौके पर माताओं ने कहा कि बेटी के जन्म पर मिला सम्मान उनके लिए गर्व की बात है।

**********************

रामगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी दूध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री की टीम ने हाईवे पर एक दूध टैंकर को पकड़ा, जिसमें लगभग 30 हजार लीटर मिलावटी दूध भरा हुआ था। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि यह टैंकर उड़ीसा से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था।

**********************

पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के रबदा केवाल टोला में जहरीली खुखड़ी खाने से 9 लोग बीमार हो गए। सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत अब बेहतर है।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के तीन जिलों दुमका, देवघर और जामताड़ा में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। इधर, राजधानी रांची में भी आसमान में बादल छाये हुए हैं और रुक रुक कर हल्की बारिश हो रही है।

**********************

कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में सेशिनकाई कराटे संघ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हजारीबाग के कराटेकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 74 मेडल हासिल किये हैं। इनमें 15 स्वर्ण, 19 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भारत समेत पांच देशों के लगभग सात हजार कराटेकारों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हजारीबाग के लगभग 80 कराटेकारों ने हिस्सा लिया।

********समाप्त*********